# समय के पर्दे के उस पार

मैं यहां यह घोषणा करना चाहता हूं कि आपकी प्रार्थनाओं का उत्तर दिया गया था, सभाओ के जैसे जो हमने की थी जब मैंने पहली बार सेवकाई में आरंभ किया था, बहुत वर्षो पहले। मैंने कभी नहीं... हम तो तब लोगों को बैठा भी नहीं सकते थे। और मेले के मैदान और बाकी की हर एक चीज, वहां तीन बजे इतने लोग होते है, कि पूरा स्थान भर जायेगा। उन्हें फाटकों को बंद करना पड़ता है, उन्हें अंदर नहीं जाने देंते। हम वहां सात बजे तक नहीं पहुंच पाते। समझे? बस हर जगह से हजारों की भीड़ उमड़ रही है। बस...

2 और पिछली सभा में मैंने पांच रातों की सभा को लिया, और बस वचन के इर्द–गिर्द ही आधार को रखा, यह अनुभव करने लगा कि वचन में क्या ही सामर्थ थी। देखा? क्योंकि, वचन परमेश्वर है। देखा? "आदि में वचन था, वचन परमेश्वर के साथ था, और वचन परमेश्वर था। और वचन देहधारी हुआ और हमारे बीच में डेरा किया।"

3 अब, इब्रानियों 4 ने कहा कि, कि, "परमेश्वर का वचन दोधारी तलवार से भी तेज है।" देखा? "परमेश्वर का वचन उससे भी अधिक चोखा है, यहाँ तक कि हड्डी को भी छेदता है, और काटता है, और मन, हृदय के विचारों को परखने वाला है।" समझे? यही है, परमेश्वर का वचन।

4 तब यदि कोई दान है जहां हम अपने आप को विश्राम दे सके; और वचन, स्वयं, जो कि मसीह है, जो वचन है, हमारे अंदर आता है, और मन के विचारों को परखता है, जैसा कि आपने इसे देखा है। समझे? कितना अद्भुत है। फिर, यह देखना कि उसने क्या किया और जिस तरह से उसने हमें आशीषित किया है! और फिर...

5 कि, मैं यह महसूस करता हूं, इसे चार रातों से उस वचन के इर्द–गिर्द आधार को रख रहा हूं, बस लोगों को शांति से बिठाकर, और उसके बाद बस विश्राम, और पवित्र आत्मा लोगों को बुलाता है और वहां सभा के लोगों में कामों को करता है।

6 और फिर, पिछले शाम को, पिछले रविवार दोपहर को, मैंने अमेरिका में अब तक की सबसे बड़ी चंगाई की पंक्तियों में से एक को देखा है। समझे?

वे... मैंने बिली को सौ प्रार्थना कार्डो के साथ भेजा, और जीन सौ के साथ, और लियो सौ के साथ, और रॉय को सौ के साथ, बस सारे कार्ड को दे दिया, लगभग पांच सौ कार्ड थे। और फिर जब उन्होंने देखा कि वचन ने पकड़ बना ली है, और यह क्या करेगा, फिर ठीक उस वचन पर बने रहते हुए, उन्हें मंच पर लेकर आते। और मैंने पुरुषों और महिलाओं को अपनी बैसाखियों को फेंकते हुए देखा, और इत्यादि, और वे बस इसे देखकर ही चंगे हो गये इससे पहले कि वे मंच पर जाये। देखा? परमेश्वर का वचन प्रचार किया गया था, वहां से होते हुए, और अपने आप में उन पांच संदेशों में अंतःस्थापित कर दिया, या चार संदेश में, उनके ह्रदय में, इतना तक कि उन्होंने इसे अपने पूरे ह्रदय से विश्वास किया। तब, केवल एक चीज जो उन्हें करना था, कि किसी प्रकार का एक छोटा सा संपर्क हो, देखो, कुछ तो और, और जो एक वास्तविकता थी। और बस जैसे ही वे उस मंच पर पहुंचे, वे ठीक वही पर चंगे हो गये मंच–... बस इससे पहले कि वे मंच के पार पहुंचते।

7 मैं विश्वास करता हूं, भाइयों यहां पर, आप सभी भाई एड को जानते है, भाई एड हूपर को जानते हैं। क्या आप नहीं जानते? आप वहां नीचे अरकंसास से है? उसने भेंट... वह आरंभिक सेवकाई के आरंभिक भागो में मेरे साथ थे। उसने कहा, "यह पुराने समय की तरह लग रहा था," उसने कहा, "जब वे वर्षों पहले जिस तरह से किया करते थे।"

8 और ऐसे लोग थे जिन्हें ट्यूमर था, जो *इस* तरह से था—था, ठीक होकर वापस आते। अंधे, बहरे, गूंगे, हर प्रकार की चीजें जो हमारे प्रभु ने ठीक की। यहां तक कि लोगों को छूना भी नहीं पड़ता है। वचन आगे जाकर और इसे कर रहा है।

9 तब प्रभु ने मुझे एक संदेश दिया जिसे मैं कलीसिया में प्रचार करना चाहता हूं, कभी तो, जब मैं वापस आऊंगा, मुझे मौका मिलता है। मैं बहुत ही व्यस्त हूं। अब मुझे कल फिर से जाना होगा, इस लड़की के आने की प्रतीक्षा कर रहा हूं। और इससे पहले कि मैं अपना सूटकेस घर में रखता, वहां कोई आ गया। और मैं शायद तब से लेकर नहीं बैठा हूं। देखा? मैंने अपने परिवार से भी बात नहीं की है जब से मैं आया हूं। समझे? और यह—यह वास्तव में एक तनाव है। और मैं भी आप सभी से मेरे लिए प्रार्थना करने का अनुरोध करता हूँ, कि प्रभु मेरी सहायता करे कि मैं इसे

रोके रखूं।

10 अब... [टेप पर खाली स्थान—सम्पा।] हमारे भाई को यहां देखे, जो वास्तव में, बहुत ही बीमार है, इस खाट पर पड़ा हुआ है। और हम...

11 हमारे लिए थोड़ी देर में कोई तो आ रहा है, कि लुइसविले में जाये। मैं चाहता हूं कि आप प्रार्थना में भी याद रखें, एक अच्छी युवा महिला, जो कि, वह लगभग अठारह वर्ष की भी नहीं है। वह एक जुड़वा है, और स्कूल में एक मसीही लड़की है। और दूसरी लड़कियाँ उसके बारे में बात करतीं, आप जानते हैं, वे दो लड़कियाँ, और बतातीं कि वे कैसी थीं, जीवन का कौन सा भाग वे खो चुकी थीं, और उन्हें बाकी लड़कियों की तरह कैसे जीना चाहिए। और एक लड़की इसे अनदेखा करने में सफल रही। दूसरी लड़की को एक जटिलता थी, और उसे इसके बारे में बहुत बुरा लग रहा था, और बस दूर होती जा रही थी, और धीरे–धीरे पीछे की ओर जा रही थी, और इसके विषय में चिंता कर रही थी। और अंत में वह मानसिक रूप से टूट जाती है। और वे... वह एक पागलखाने के वार्ड में है। उसकी माँ और पिता आ रहे हैं, बस थोडी देर में, क्रैन्डल, इंडियाना से, इस संस्थान में जाने के लिए जहां वे उसे कल मैडिसन भेजने की कोशिश करेंगे।

12 अब, वो—वो लड़की, उस लड़की में कोई शारीरिक दुर्बलता नहीं है। उसे... शारीरिक रूप से कुछ भी नहीं है। वह पूरी तरह से स्वस्थ है। लेकिन इसे समझाना बहुत कठिन है। और इसे वास्तव में समझाया नहीं जा सकता है। यह क्या है, उसकी आत्मा भटक गई है। देखा? अब, आपको—आपको उसकी आत्मा को पकड़ना होगा और उसे वापस उस स्थान पर लाना होगा। समझे? वहां...

13 जैसा कि, हमने अभी कुछ सप्ताह पहले यहां बोलते हुए लिया है, इस बात पर कि कैसे मनुष्य तंत्र या प्रणाली कार्य करती है। किस तरह से वहां पांच इंद्रियां होती हैं जिनके द्वारा आप शरीर में प्रवेश करते हैं, और फिर हम इसे पांच द्वार कहते हैं। पांच द्वार, जैसे—जैसे कि विवेक, कल्पना, और इत्यादि, हम प्राण के द्वारा प्रवेश करते हैं। और फिर जब आप आत्मा में प्रवेश करते हैं, तो वहां केवल एक ही द्वार होता है, और यह स्वयं–इच्छा के जरिये से होता है, जो इसे पहले की बात पर आधारित करता है जैसे मनुष्य की सृष्टि की गई थी।

14 आप इसे ग्रहण कर सकते हैं, या आप बस इसे छोड़ सकते हैं। आप

मसीह को उद्धारकर्ता के रूप में स्वीकार कर सकते हैं, या बस उसे जाने दे। और आप अब भी उस पेड़ के पास है, जो उस एक जीवन का और एक मृत्यु का है। हर एक मनुष्य जाति उस पेड़ के सामने बैठा हुई है, या तो परमेश्वर अन्यायी होगा कि एक को वहां पर रखे, और फिर अन्य को सही या गलत को—को चुनने का समान मौका नहीं दे। और हम में से प्रत्येक के पास यह अवसर होता है।

15 साथ ही, उस आत्मा में, हम चंगे हो सकते हैं, या हम चंगे नहीं हो सकते। अब, ऐसा इसलिए नहीं है क्योंकि वहां नहीं... कि हम परमेश्वर के अनुसार चंगे नहीं हुए हैं। हमारे पास है। क्योंकि वाचा बिना शर्त है। और उसने पहले ही हमारी चंगाई को खरीद लिया है। इसलिए, हमारी चंगाई हमारे लिए ही है—है। यह हमारी है। अब, ऐसा है कि क्या हम *इस* द्वार को लेंगे, इसे विश्वास करने के लिए; या *इस* द्वार को, कि बस इसे विश्वास ना करे। अब, केवल एक ही मार्ग है कि हम परमेश्वर की उपस्थिति में चल सकते हैं।

16 अब, यह बालक, सुंदर, उसकी मां की एक सहेली है। मैं, मेरा... ओह, मेरी एक लड़की मित्र हुआ करती थी। वह एक अच्छी छोटी महिला थी, एक बहुत ही सख्त नाजरीन के घर से आई थी, प्यारी छोटी सी लड़की। और उसका एक प्यारा सा पति है। मैं उसे भी अच्छी तरह से जानता हूं, वो लड़का जिसने उससे विवाह किया था। और वह बस थोड़ा सा... वे उन बच्चों को प्रभु की सेवा करने के लिए पालन–पोषण करते हैं, और उन्हें स्कूल में डाला। और वे वास्तव में मसीह में जड़ से दृढ थे, ना ही उन चीजों को करते जो गलत है। लेकिन ऐसा हुआ।

17 बस एक वश पर, जैसे मैं... कुछ ही क्षण पहले देखा, और एक छोटे लड़के को देखा, उसके साथ भी बिल्कुल यही हुआ, बिल्कुल वैसा ही। और वहां पर... एक रात हम वहाँ गए, भाई राइट के यहाँ, और ऑरविल बिलकुल—बिल्कुल पूरी तरह से वश में थे। और वह, आप जानते हैं, जब वह मुझे घर से निकालने की कोशिश करता था; उतने ही अच्छे मित्र जैसे ऑरविल और मैं है, बिल्कुल सच्चे जैसे कि मैं उसका पिता हूं। मैंने उसके पिता और माता के साथ ही विवाह किया। और वह बस उछलकर और चिल्लाता, "यहां से निकल जाओ! यहाँ से निकल जाओ! यहाँ से निकल जाओ!" समझे?

18 अब, हमें वहां जो करना था वो था कि आत्मा के क्षेत्र में जाये और उस लड़के की आत्मा को पकड़ ले। देखा? उसके छोटे से ह्रदय में बहुत ही दुःख आ गया था। वह युवा है, और उसने बहुत कुछ देखा था। और बस उसे ठीक उस स्थान पर वापस लाया जहां उसे होना चाहिए। आप समझे? कुछ ही दिनों में, वह—वह पूरी तरह ठीक था।

19 अब, यह वही बात है जो आपको इस पर करनी है। मैंने इसे देखा है, और मैं जानता हूं कि यह सच है। लेकिन अब, बस... मैं—मैं आप सभी से निवेदन करता हूं कि अब प्रार्थना करें, कि—कि परमेश्वर इस छोटी लड़की को खोजने में मेरी सहायता करे। बाहर एक ऐसे स्थान में, जहां वह नहीं जानती कि वह कहां पर है, तब उसे वापस उसके स्थान पर ले आए। वह द्वार विश्वास में से होकर आता है। देखो, उसके पास अपने खुद के लिए विश्वास नहीं हो सकता है। वह नहीं जानती कि वह कहां पर है, या कुछ भी। समझे? यहाँ इसे—इसे हमारे विश्वास को लेना है।

20 और अब, उसमें, मसीह के पुनरुत्थान की सामर्थ, जिसे उसने हमें अवसर देता है। यही है, जहां आप, एक तरह से, परमेश्वर का वचन पापी को छेदता या असर करता है। और इसे आगे जाते हुए वचन के प्रचार से भी उस ओर जाना होगा। यही कारण है कि मैं आज सुबह बीमारों के लिए प्रार्थना करने से पहले थोड़ा सा बोलना चाहता हूं। [टेप पर खाली स्थान—सम्पा।]

21 आपको दर्शन याद है, ज्यादा समय नहीं हुआ, प्रभु ने मुझे दिया था, आप जानते हैं, उस दूसरी ओर को देखने के विषय में दर्शन को दिया था? आपको याद है उस सुबह जब मैं गवाही दे रहा था जब में दूसरी ओर देखने के विषय मैं बता रहा था? तो, यह सच था।

22 और फुल गोस्पल बिजनेस मेन्स *वॉयस* ने उस लेख को प्रकाशित किया है, और चित्र को यहां पन्ने के पीछे डाला है। और यहाँ नीचे एक छोटा सा लेख डाला हुआ है, यहाँ एकदम नीचे एक छोटा सा भाग है, जो सेवकाई के लिए बता रहा है। जो कि, यह एक अंतरराष्ट्रीय अखबार है जो बहुत सी विभिन्न भाषाओं में छपा हुआ है। और उन्होंने उस दर्शन के लिए सबसे आगे के और पहले पन्ने को समर्पित किया। देखा?

23 और मैंने उन्हें यहाँ पर लेकर रखा है, और मैं चाहता हूं कि आप एक अखबार को लेकर, और आप इसे पढ़ सकते हैं। और उठकर... मैं नहीं

जानता था कि आज सुबह कितने वहां पर होंगे, भाइयों। और आप, तब, यदि आप अखबार को लेने से चुक जाते हैं, तो, बस अखबार के कार्यालय में चले जाये। उनके पास वहां कार्यालय में है। और उन्होंने हमें उनका एक झुण्ड होने दिया, इस बात पर कि: “आगे बढ़ते रहो।” समझे? और यही सब मेरे ह्रदय में है। मैं केवल इतना ही सुन सकता हूं, “आगे बढ़ते रहो।” बस उस—उस नदी के पार एक—एक बेहतर देश है। और आइए हम जोर लगाते रहें जब तक हम उस देश से नहीं पहुँच जाते।

24 अब, मैं सोचता हूं कि वे यहां भाई स्ट्राइकर और बहन स्ट्राइकर के छोटे से बच्चे के समर्पण के लिए आए हैं। इसलिए कि...

25 बहन स्ट्रीकर, अब यह कितने हुए? [बहन स्ट्राइकर कहती है, “छह।”—सम्पा।] छह छोटे बच्चे। यह एक प्यारा सा छोटा परिवार है।

26 और इसलिए वे... हमारे मिशनरी अफ्रीका में—में हाल ही में वापस लौटने वाले थे। और उनके सारे बच्चे सुंदर छोटे से बालक है। और मैं इसे भी देख सकता हूं, जैसा कि वे इसे आज सुबह एक समर्पण की सभा के लिए ला रहे हैं।

27 टेडी कहाँ पर है? टेडी, क्या आप यहां पियानो पर आएंगे, बस एक मिनट के लिए, पुत्र? और—और आइये हमारे गीत को ले, एक छोटा सा गीत, आप जानते हैं, वह छोटा सा गीत, मैं सोचता हूं, हम गाते हैं, *उन्हें अंदर लाओ*। क्या यह ठीक है? “उन्हें पाप के क्षेत्रों से अंदर ले आओ।”

28 और यही कारण है कि हम इसे बजाते हैं, क्योंकि हम, जितना हम कर सकते हैं, माता–पिता, उन्हें समर्पण के लिए लाते हैं। हम उन्हें प्रभु को समर्पित कर रहे हैं और उन्हें अंदर ला रहे हैं जबकि वे अभी बालक ही है, कि वे भटक कर पाप के क्षेत्र में ना जाये। *उन्हें अंदर लाओ*। आइए बस... क्या आप इसे जानते हैं, टेडी? आइए हम अब इसका एक पद गाते हैं।

> उन्हें अंदर लाओ, उन्हें अंदर लाओ,
> उन्हें पाप के क्षेत्रों से अंदर ले आओ;
> उन्हें लाओ...

यदि वहां एक और बालक है, क्यों, बस इसे ठीक आगे लेकर आये।

> छोटे बच्चो को यीशु के पास लाओ।
>
> उन्हें अंदर लाओ, उन्हें अंदर लाओ,

उन्हें पाप के क्षेत्रों से अंदर ले आओ;
उन्हें अंदर लाओ, उन्हें अंदर लाओ,
भटकने वाले जनों को यीशु के पास लाओ।

29 भाई स्ट्राइकर और बहन स्ट्राइकर, मैं समझता हूं कि आप जानते हैं कि उस गीत का क्या अर्थ है, कि "उन्हें अंदर लाओ," आपके ह्रदय में जलती हुई इच्छा है, कि खोए हुओं को यीशु के पास लाने का यत्न करें। आपका छोटा बालक, यदि यह समर्पित होने से पहले मर जाता, या और क्या कुछ हो जाता, यह बच गया है, जो भी है, क्योंकि यीशु मसीह के लहू ने कलवरी पर ऐसा किया। लेकिन उसकी महान धरती की यात्रा के स्मरणोत्सव में, जब उसने अपने हाथों को छोटे बच्चों पर रखा और कहा, "उन्हें मेरे पास आने दो," यही कारण है कि आप आज सुबह बालक को लेकर आ रहे हैं। और हम में भरोसा रखते हुए, कि हम विश्वास की प्रार्थना में प्रार्थना करने में सक्षम होंगे, उस छोटे बच्चे के लिए, इसके जीवन को परमेश्वर को समर्पित करने में।

30 इसका क्या नाम है? [पिता कहता है, "मर्लिन मैज स्ट्राइकर।"—सम्पा।] मर्लिन मैज, मर्लिन मैज स्ट्राइकर। यह कितने वर्ष का है? [मां कहती है, "तेरह महीने का।"] तेरह महीने। अफ्रीका में जन्मा, क्या यह सही है? ["हां।"] तो ठीक है, होने पाए, यदि कोई आने वाला कल है, होने पाए यह छोटा सा बालक वहां पर एक मिशनरी बने, उन क्षेत्रों में जहां वह जन्मी थी। और एक—एक सुंदर छोटा सा बालक। क्या आप आयेंगे, भाई नेविल?

31 और, मर्लिन। ओह, प्रभु! मैं हमेशा ही इन छोटे बच्चों को पसंद करता हूं। क्या यह छोटा बच्चा सुंदर नहीं है? आप कैसे हैं? आप कैसे हैं? आइये हम अपने सिरों को झुकाये। मैं चाहता हूं कि आप उस पर हाथों को रखे।

32 हमारे स्वर्गीय पिता, हम आपके पास छोटी मर्लिन मैज स्ट्राइकर को लाते हैं, यह प्यारा सा छोटा बालक जो मिशन के क्षेत्रों में जन्मा था, जब युद्ध जोरों से चल रहा था। मैं प्रार्थना करता हूं कि आप इस बालक को आशीषित करेंगे। बाईबल में, उन्होंने आपके पास ऐसे छोटे बालको को लाया था। आपने अपने हाथों को रखा और उन्हें आशीषित किया, कहा, "छोटे बालकों को मेरे पास आने दो, और उन्हें मना ना करो; क्योंकि स्वर्ग का राज्य ऐसों ही का है।"

33 माता और पिता आज इसे हमारी बाहों में रखते हैं। हम, विश्वास के द्वारा, उस ओर, सीढ़ियों पर चढ़कर, इसे विश्वास के द्वारा आपकी बाहों में रखते हैं। उसके जीवन को आशीषित करें। उसे एक लंबा जीवन दे, प्रभु। होने पाए वह परमेश्वर की संतान बने। होने पाए वह अपने जीवन भर आपकी सेवा करे, अपने अस्तित्व के हर एक तंतु के साथ, मसीह की दासी बने। इसे प्रदान करे, पिता। उसके पिता और माता को, उसके छोटे भाइयों और बहनों को आशीषित करें। होने पाए वे भी बड़े होकर, और परमेश्वर की सेवा के लिए एक महिमामय परिवार हो।

34 पिता, हम आपको यीशु मसीह के नाम में, छोटी मर्लिन मैडगे को सेवा के जीवन के लिए देते हैं। उसे, और उसके पिता को, और उसकी माँ को, और उसके प्रियजनों को आशीषित करें। और होने पाए वे लंबे समय तक जीवित रहे, आपकी सेवा में आनंदित जीवन को जीये। यीशु के नाम में। आमीन।

35 परमेश्वर आपको आशीष दे, भाई स्ट्राइकर। परमेश्वर आपको आशीष दे। एक अच्छी छोटी महिला पर आशीष हो।

धन्यवाद, टेडी, लड़के।

36 मैं छोटे बच्चों से प्रेम करता हूं। क्या आप नहीं करते?

37 कितने लोगों ने कभी उस दर्शन को नहीं सुना जिसे प्रभु ने मुझे दिया था? आइए आपके हाथों को ऊपर उठाकर देखें, जिन्होंने कभी नहीं सुना। भाई नेविल, आपके पास शायद आपकी छोटी किताब है, हो सकता है आप ठीक यहाँ पर इसे उनके लिए पढ़ें, बस अगले एक या दो क्षण के लिए। मैं इसे विश्वास करता हूं... बस ठीक यहां पर, क्या आप पढ़ेगे।

38 [भाई नेविल फरवरी, 1961 की *पूरा सुसमाचार मनुष्यों की आवाज़* से पढ़ते हैं—सम्पा।]

> [एक सुबह मैं अपने बिस्तर पर लेटा हुआ था। मैं तब ही नींद से जागा था, और मैंने अपने हाथों को अपने सिर के पीछे रखा और अपने सिर को तकिये पर रखकर आराम किया। फिर मैं सोचने लगा कि दूसरी तरफ क्या होगा। मुझे एहसास हुआ कि मैंने अपनी आधी से ज़्यादा ज़िंदगी जी लिया है, अगर मैं बुढा होने तक मेरे लोगो के जीवित रहूंगा, और मैं इस जीवन को छोड़ने से पहले प्रभु के लिए और अधिक करना चाहता हूं।]

[मैंने एक आवाज को कहते सुना: "तुम अभी आरंभ कर रहे हो! लड़ाई में जोर लगाओ! जोर लगाते रहो!" जब मैं वहां शब्दों पर मनन कर रहा था, मैंने सोचा कि मैंने बस कल्पना की है कि मैंने एक आवाज को सुना है। फिर से आवाज ने कहा: "लड़ाई में जोर लगाओ! बढ़ते रहो! बढ़ते रहो!" अब भी अविश्वास हो रहा है, मैंने सोचा कि शायद मैंने उन शब्दों को अपने आप में बोला था। मैंने अपने होठों को अपने दांतों के बीच में रखा और अपने हाथ को अपने मुंह पर रखा और सुना। आवाज फिर से बोली: "बस आगे बढ़ते रहो! यदि तुम केवल जान जाते हो कि मार्ग के अंत में क्या है!" मुझे लगा कि मैं एक पुराने, जाने-पहचाने गीत के संगीत और शब्दों को सुन रहा हूं:]

[मैं घर जाना चाहता हूं और उदास हूं, और मैं यीशु
को देखना चाहता हूं,]
[मैं उन बंदरगाह की घंटियों की आवाज़ को सुनना
चाहता हूं,]
[यह मेरे मार्ग को उज्ज्वल करेगा और सारे भय को दूर
करेगा;]
[प्रभु, मुझे समय के पर्दे के उस ओर देखने दो।]

[तब आवाज ने पूछा: "क्या तुम बस पर्दे के उस पार देखना चाहोगे?" मैंने उत्तर दिया: "इससे मुझे बहुत ही अधिक सहायता मिलेगी!"]

[क्या घटित हुआ मैं नहीं बता सकता। क्या मैं शरीर में था या बाहर, या क्या यह एक स्थानांतर था, मैं नहीं जानता, लेकिन यह किसी भी दर्शन से भिन्न था मुझे अब तक मिले थे। मैं उस स्थान को देख सकता था जहां मुझे ले जाया गया था और मैं अपने आप को वहां अपने बिस्तर पर लेटा हुआ देख सकता था। मैंने कहा: "यह एक विचित्र सी बात है!"]

[वहां बड़ी संख्या में लोग थे और वे मुझे अभिवादन करने के लिए दौड़ते हुए आए, और चिल्लाते हुए: "ओह, हमारे बहुमूल्य भाई!" सबसे पहले युवा स्त्रियां आयीं, प्रत्यक्ष रूप से उनकी बीस की उम्र के आसपास थीं, और जैसे ही वे मुझे गले लगाती, उन्होंने कहा: "हमारे बहुमूल्य भाई!" युवा पुरुष, युवावस्था की चमक में, एक अंधेरी रात

में तारों की तरह चमकने वाली आंखों के साथ, मोतियों जैसे सफेद दांतों के साथ, मुझे गले लगाया, कहते हुए, "हमारे बहुमूल्य भाई।"]

[तब मैंने ध्यान दिया कि मैं भी फिर से युवा बन गया था। मैंने वहां पर अपने आप को देखा और मुड़ा और अपने पुराने से शरीर को देखा जो बिस्तर पर पड़ा हुआ था जिसके हाथ मेरे सिर के पीछे थे। मैंने कहा: "मैं इसे नहीं समझ पा रहा हूं!"]

[जब मैं उस स्थान को समझने की कोशिश करने लगा जहां पर मैं था, मैंने एहसास करना आरंभ किया कि वहां कोई बीता हुआ कल नहीं था और वहां कोई आने वाला कल नहीं था। ऐसा नहीं लग रहा था कि कोई थका हुआ है। जैसे ही मैंने अब तक देखी हुई सबसे खूबसूरत युवतियों की भीड़ ने मेरे चारों ओर अपने हाथों को डाल दिया, मैंने पाया कि वहाँ केवल महान प्रेम था जिसने मुझे पूरी तरह से घेर लिया, और मनुष्य व्यवहार जैसा कोई शारीरिक आकर्षण नहीं था। मैंने ध्यान दिया इन युवा महिलाओं ने अपने बालों को कमर तक रखा हुआ था और उनकी स्कर्ट उनके नीचे पैरों तक थी।]

[इसके बाद, होप, मेरी पहली पत्नी ने मुझे गले लगाया, और कहा: "मेरे बहुमूल्य भाई!" फिर एक और युवा महिला ने मुझे गले लगाया और होप ने मुड़कर और युवा महिला को गले लगाया। मैंने कहा: "मैं इसे नहीं समझ पा रहा हूं। यह कुछ तो पूरी तरह से हमारे मनुष्य प्रेम से भिन्न है। मैं बिस्तर पर उस पुराने शरीर में वापस नहीं जाना चाहता।"]

[तब एक आवाज ने मुझसे बात की: "यही है जो आपने प्रचार किया कि पवित्र आत्मा है! यह सिद्ध प्रेम है। बिना इसके यहाँ कोई भी प्रवेश नहीं कर सकता!"]

[इसके बाद मुझे उठा लिया गया था और एक ऊंचे स्थान पर बैठा दिया गया। मेरे चारों ओर बड़ी संख्या में पुरुष और स्त्रियां युवावस्था में खिले हुए थे। वे आनंद के साथ रो रहे थे: "ओह, हमारे बहुमूल्य भाई, हम आपको यहां देखकर बहुत ही खुश हैं!" मैंने सोचा: "मैं सपना नहीं देख रहा हूं, क्योंकि मैं इन लोगों को देख सकता हूं और मैं अपने शरीर को वहां पीछे बिस्तर पर पड़ा हुआ देख सकता हूं।"]

[आवाज ने मुझसे बात की: "तुम जानते हो कि यह बाईबल में

लिखा है कि भविष्यवक्ता उनके लोगों के साथ एकत्र हुए थे।" मैंने कहा: "हाँ, मुझे यह वचनों में याद है, लेकिन इतने सारे ब्रंहम नहीं है।" आवाज ने उत्तर दिया: "ये ब्रंहम नहीं हैं। ये तुम्हारे परिवर्तित हुए हैं, वे लोग जिनकी तुमने प्रभु की ओर अगुवाई की है। इनमें से कुछ स्त्रियां जो टीम सोचते हो कि बहुत ही युवा और सुंदर है, जो नब्बे वर्ष से अधिक उम्र की थी जब तुमने उन्हें प्रभु की ओर अगुवाई की। कोई आश्चर्य नहीं कि वे चिल्ला रही हैं, 'मेरे बहुमूल्य भाई!'" तब भीड़ एक साथ चिल्ला उठी: "यदि आप सुसमाचार के साथ आगे नहीं गये होते थे, तो हम यहां पर नहीं होते!"]

[मैंने पूछा: "ओह, यीशु कहाँ है? मैं उसे देखना चाहता हूं!" लोगों ने उत्तर दिया: "वह बस थोड़ी सी और ऊंचाई पर है। किसी दिन वह आपके पास आएगा। आपको एक अगुवाही करने के लिए भेजा गया था, और जब परमेश्वर आता है, तो वह आपकी शिक्षा के अनुसार आपका न्याय करेगा।" मैंने पूछा: "क्या पौलुस और पतरस को भी इस न्याय में खड़ा होना है?" उत्तर था: "हाँ!" मैंने कहा, "मैंने वही प्रचार किया है जो उन्होंने प्रचार किया है। मैं उससे एक ओर या दूसरी ओर विचलित नहीं हुआ। जहां उन्होंने यीशु के नाम में बपतिस्मा दिया, मैंने भी दिया; जहां उन्होंने पवित्र आत्मा में बपतिस्मा को सिखाया, मैंने भी सिखाया। जो कुछ उन्होंने सिखाया, मैंने भी सिखाया।"]

["हम यह जानते हैं," लोग चिल्ला उठे, "और हम जानते हैं कि हम किसी समय आपके साथ धरती पर वापस जा रहे हैं। यीशु आएगा और उस वचन के अनुसार आपका न्याय करेगा जो आपने हमें प्रचार किया है। तब आप हमें उसके सामने उपस्थित करेंगे, और हम सब मिलकर धरती पर हमेशा रहने के लिए वापस जायेंगे।" मैंने पूछा: "क्या मुझे अब धरती पर वापस जाना है?" उन्होंने उत्तर दिया: "हां, लेकिन आगे बढ़ते रहे!"]

[जैसे ही मैं उस सुंदर आनंदमय स्थान से हटने लगा, जहां तक मेरी आंखें देख सकती थी, लोग मुझे गले लगाने के लिए मेरी ओर आ रहे थे, चिल्ला रहे थे: "मेरे बहुमूल्य भाई!"]

[अचानक मैं फिर से बिस्तर पर वापस आ गया था। मैंने कहा:

"ओह, परमेश्वर, मेरी सहायता करे! मुझे कभी भी वचन के साथ समझौता नहीं करने देना। मुझे सीधे वचन पर बने रहने दो। मैं परवाह नहीं करता कि कोई और क्या करता है, प्रभु, मुझे उस सुंदर, आनंदमय स्थान की ओर आगे बढ़ने दो!"]

[मैं अपने जीवन में पहले से कहीं अधिक दृढ़ निश्चित हूं कि उस स्थान में प्रवेश करने के लिए सिद्ध प्रेम को लेना होगा। वहां पर कोई जलन नहीं थी, कोई थकावट नहीं, कोई बीमारी नहीं, कोई बुढ़ापा नहीं, कोई मृत्यु नहीं थी। केवल सर्वोच्च सुंदरता और आनंद!]

[आप जो कुछ भी करते हैं, हर चीज को एक तरफ रख दें, जब तक कि आप सिद्ध प्रेम को ना पा ले! उस बात को पा ले जहां आप हर एक से प्रेम कर सके, यहां तक कि हर एक शत्रु से भी। कोई फर्क नहीं पड़ता यदि विमान डगमगा रहा हो, बिजली चमक रही हो, या शत्रु की बंदूकें आप पर हो, इन बातों से कोई फर्क नहीं पड़ता: सिद्ध प्रेम को पा लो!]

[यदि आप नहीं बचाए गए हैं, तो अभी यीशु मसीह को अपने उद्धारकर्ता के रूप में स्वीकार करें! यदि आपने पानी में बपतिस्मा नहीं लिया है, तो अभी बपतिस्मा ले ले! यदि आपने पवित्र आत्मा में बपतिस्मा को नहीं पाया है, तो इसे अभी ग्रहण करें! उस सिद्ध प्रेम के लिए आगे बढ़ते रहे जो आपको उस सुंदर और आनंदमय स्थान पर लेकर जाएगा जो समय के पर्दे के उस ओर है!]

39 भाई, इसके लिए धन्यवाद। यही है... मैंने सोचा, हो सकता है, आप में से कुछ को इसे पढ़ने को मिले। और यदि आपके पास छोटी किताब नहीं है, इसलिए, आप इसे ले सकते हैं।

40 फिर उस पन्ने के ठीक नीचे, उसने वहां सेवकाई के विषय में एक छोटा सा लेख डाला। मैं नहीं जानता कि आपने इस पर ध्यान दिया या नहीं, आपके इसे पढ़ने के बाद, ठीक नीचे नीचले स्थान पर है। ठीक सबसे नीचे की ओर, नीचे की ओर एक छोटा से लेख को डाला है। [टेप पर खाली स्थान—सम्पा।]

41 ... .अब, यह आकाश के नीचे हर भाषा में बहुत ही निकट है, आप देखते हैं, कि—कि इसे सारे संसार में पढ़ा जाना चाहिए।

42 अब, “क्या—क्या... ” तो ठीक है, आप कहते हैं, “आप क्या कहेंगे, भाई ब्रन्हम, इससे पहले कि आप बीमारों के लिए प्रार्थना करें? ”

43 यह इसके कारण है: जिससे कि हम जान सके कि हमारे प्रयास व्यर्थ नहीं हैं। समझे? हमें परमेश्वर के पास अवश्य ही उस प्रेम और विश्वास के मार्ग से होकर जाना है। विश्वास हमें मार्ग पर ले जाता है। प्रेम वो है जो हमें अंदर ले जाता है। (मुझे क्षमा करें।) [टेप पर खाली स्थान—सम्पा।]

44 अब, क्या आप सोचते हैं कि परमेश्वर करेगा... अब आइए... अब, आपका विश्वास एक स्थान पर आता है, क्या आप यह सोचते हैं... ? अब आप क्या सोचेंगे यदि सारे प्रयास जो कि... यह आराधनालय और यहाँ लोगों के यह झुंड, परमेश्वर के राज्य के लिए आगे रखा है? यहां पर बहुत से हैं जिन्होंने आपके बच्चों को परमेश्वर के राज्य के लिए स्वीकृति दी है। यहां बहुत से हैं जो बिना कपड़ों के चले गए हैं, परमेश्वर के राज्य के लिए। बहुत से ऐसे है जो तूफानो में से होकर निकले है, और बिना जूतों के अपने पैरों पर चले, ताकि यहाँ आराधनालय में लेकर आये, यह सही है, परमेश्वर के राज्य के लिए।

45 क्या आप कल्पना कर सकते हैं कि एक कलाकार एक महान चित्र को चित्रित करता है, सुंदर, इतना तक कि यह उत्कृष्ट या शानदार होता है, और उसके बाद बस इसे फाड़ देता है? उस कलाकार के साथ कुछ तो गलत होगा। क्या आप कल्पना कर सकते हैं कि एक संगीतकार एक गीत को तब तक लिखता है जब तक कि यह उत्कृष्ट या शानदार न हो, और उसके बाद उसके—उसके संगीत को फाड़ देता है? उस संगीतकार के साथ कुछ तो गलत होगा। समझे? परमेश्वर के साथ कुछ भी गलत नहीं है। परमेश्वर इस तरह की चीज को नहीं बनाता है, कि बस इसे फाड़ कर फेंक दे। यह तो उसके राज्य के लिए है। यह उसकी महिमा के लिए है।

46 हम में से हर एक जन इस तस्वीर में और इस गीत में एक भूमिका को निभाते हैं। हम परमेश्वर के राज्य के भाग हैं। और यही है, कि हम अपनी भूमिका को निभा सकते हैं, जब तक हम यह अनुभव करते हैं कि हम उस स्थान में कहां पर रखे हुए हैं, हम इस स्थान के लिए हैं, और फिर ठीक उसी स्थान पर बने रहते हैं। और एक स्थान जिसे हम जानते हैं, यह प्रेम में है, क्योंकि यही है जो तस्वीर को तैयार करता है।

47 अब, यह कठिन होता है जब आप इन दर्शनों को इस तरह से देखते हैं,

और चीजों को, यह समझने के लिए कि उस ओर क्या—क्या है। काश मैं जान जाता। उस मनुष्य ने इस छोटी सी बात को वहां पर डाला, यह कहने के लिए कि पुराने समय के भविष्यवक्ता, उन्होंने कैसे इन दर्शनों को देखा, और आदि–आदि, और किस तरह से, आज, यहां तक कि जो भी... हम इसे नहीं समझ सकते हैं, लेकिन प्रभु ने हमें इसके अंदर आगे जाने दिया और यह देखने के लिए कि यह क्या है।

48 अब, मित्रों, मैं सो नहीं रहा था। और मैं, बस आपके और मेरे बीच में, और यहाँ इस कलीसिया के बीच, मैं एक दर्शन में नहीं था। मैं जानता हूं कि दर्शन क्या होता है। यहाँ कुछ लोगों ने, अभी पिछले सप्ताह, एक रात में तीस बार ऐसा घटित होते देखा। आप कल्पना कर सकते हैं कि आप पर कितना बोझ है। निश्चय ही आपको बैचेन करता है।

49 क्या हो यदि आप इस तरह की सभा में जाते हैं, और बस जिम्मेदारी होती है, क्या सभा ठीक से हुई या नहीं, बस—बस जिम्मेदारी आप पर होती है? आपको हर एक सेवक का उत्तर देना है, हर एक प्रश्न का, हर एक चीज का। सभा सही हो रही है या नहीं, यह केवल आप पर ही जिम्मेदारी है। देखो यह आपके लिए क्या करेगा।

50 और वहां मेरे कुछ सहयोगी है, जो बस सिर्फ किताबें बेच रहे है, और आदि–आदि, वे इतने घबरा जाते हैं, उन्हें घर जाना पड़ता है, देखो, पड़े रहते हैं, उस रात कलीसिया में नहीं आते हैं। ओह! ओह, यह बस भयानक बात है। जैसे मेरी बहू, प्यारी छोटी मसीही लड़की, लोयस। बस—बस सभा में जाने से, बस इतना... आठ सप्ताह, या सात सप्ताह, लगातार इसी तरह से, बस एक या दो दिन के लिए बिस्तर पर पड़े रहना था, देखो, बिना किसी जिम्मेदारी के। देखा? बिली, बस कुछ प्रार्थना के कार्ड देने के लिए, और बस टुकड़े–टुकड़े कर दिया।

51 परंतु, देखिए, सारा बिझ मुझ पर आता है। मुझे आप पर निर्भर रहना होगा कि मेरे लिए प्रार्थना करे। देखा? इसके अलावा, वे दावा करते हैं कि—कि प्रेरणा के नीचे बीस मिनट का—का प्रचार, इसकी तुलना आपके शरीर की आठ घंटे की कड़ी मेहनत के साथ की जाती है। मैं रात में दो से तीन घंटे प्रचार करता हूं; कभी–कभी दिन में तीन बार करता हूं। देखा?

52 और फिर एक दर्शन के बारे में क्या? एक दर्शन ने हमारे प्रभु यीशु को कमजोर बना दिया। यह सही है। बाईबल ने कहा एक स्त्री ने उसके वस्त्र को

छुआ, उसे कमजोर बना दिया। तो ठीक है, यदि एक दर्शन उसे कमजोर बना देगा, उस, परमेश्वर का पुत्र को; तो मेरे विषय में क्या है, एक पापी जो अनुग्रह के द्वारा बचाया गया, उनमें से तीस एक रात में क्या करेंगे? देखा? यह... यदि हम बस रुककर और सोचे, तो यह किसी भी मनुष्य से परे है। एक मनुष्य का शरीर इसे बर्दाश्त नहीं कर सकता। मैं कहीं तो पागल संस्थान में पड़ा होता, अपने सिर को दीवारों से पटक रहा होता। देखा? यह—यह एक ऐसी कमजोरी है जिसे आप नहीं कर सकते... यह भीतरी कमजोरी है, देखो, जो आपको खत्म कर देती है।

53 अब, लेकिन तब आप क्या जोर डालेंगे? मैं यह कह सकता हूं। मैं वहां भाई और बहन कॉक्स को देखता हूं, रॉडनी और उनकी पत्नी, और बहन, यहां, पीछे वहां पर, नए-नए परिवर्तित हुए है। वहां पर एक देश है, वहां कहीं तो उस ओर, कि यदि आप कभी भी अपने मन में सोच कर और इसके विषय में एक दृश्य को ले सकते हैं, तो यह सबसे महिमामय बात है। यह हमारे द्वारा किया गया हर प्रयास महत्व रखता है। देखा?

54 अब, बीमारों के लिए प्रार्थना करने से पहले, मैं यह कह सकता हूं:

55 क्या होगा यदि एक छोटा बालक, इससे पहले ये जन्म लेता है, आइये हम इस बात को ले, एक छोटा सा बालक जो मां के गर्भ में रहा है, इन नौ महीनों से, और वह छोटा बालक सोच सकता है? यह कहेगा, "आप जानते हो क्या? वे मुझे बताते हैं कि मैं जन्म लेने के लिए तैयार हूं। अच्छा, मैं वहां पर क्या करूंगा? मैं इस स्थान को छोड़ और कुछ नहीं जानता, जहां मैं यहां रहता हूं। मैं अपनी शक्ति को अंदर से प्राप्त करता हूं। और मैं वहां किस तरह जीवन यापन करूंगा? वे मुझे बताते हैं कि एक सूर्य है जो चमकता है। वे मुझे बताते हैं कि वहां पर लोग यहां-वहां घूमते फिरते हैं। और मैं कुछ नहीं जानता, सिवाये इस स्थान के। यही है सब जो मैं जानता हूं, ठीक यहां मेरी मां के गर्भ में—में। यहीं है जहाँ पर मुझे लाया गया था। यहाँ सब मैं जानता हूँ, जो ठीक इस गर्भ में है। और उन्होंने मुझे बताया कि वहां बस कई गुना स्थान ही स्थान है!"

56 तो, वह छोटा सा बालक मृत्यु से डरता होगा, जन्म को लेने के लिए। क्या यह सही है? यह मृत्यु से डरता होगा, क्योंकि यह एक ऐसे स्थान में आ रहा है जिसके बारे में यह कुछ भी नहीं जानता है, जो कि सर्वोच्च है, लाखों गुना सर्वोच्च, जहां पर यह रह रहा है। ये नहीं जानता कि यह सब

क्या है, यह कहेगा, “कैसे, मैं क्या करूं? ” यह मृत्यु से डरेगा, जन्म लेने के लिए, लेकिन हम जो यहां पर रहते हैं, खैर, हम जो एक समय वहां पहले रहा करते थे, हम किसी भी तरह से वहां वापस नहीं जाएंगे, हम फिर से मां के गर्भ में वापस नहीं जाना चाहेंगे। समझे? नहीं, हम ऐसा नहीं करना चाहेंगे।

57 और बस इसी प्रकार से है जब हम मर रहे होते है, मित्रो। हे परमेश्वर! देखा? आप एक स्थान में जन्म लेने जा रहे हैं। आप वहां कभी नहीं रहे हैं। आप इसे नहीं समझ सकते, यह कितना महान है। “वहां पर ये कैसे—कैसे होने जा रहा है? मैं… ” और केवल एक चीज जो मुझे एहसास दिलाती है, या आप एहसास करते हैं, वो ये है यह जीवन का छोटा सा स्पर्श है, जैसे वो आत्मा बालक में अपनी मां के गर्भ के अंदर आता है। समझे? केवल यही मार्ग है कि हम समझ सकते हैं कि उस ओर वह महान देश क्या है, जब वहां पर कोई बीमारी नहीं है, कोई दु:ख नहीं है, कोई मृत्यु नहीं, कोई बुढ़ापा नहीं, कुछ भी नहीं है। ओह, प्रभु!

58 क्यों, जब आप एक बार वहां पहुंच जाते हैं, तो आप कभी भी इस तरह के स्थान पर वापस नहीं आना चाहेंगे, उतना ही जितना एक बच्चा अपनी माँ के गर्भ में वापस नही जाना चाहेगा। देखा? यह उस दूसरी ओर बहुत ही बड़ा है, देखो, वहां पर। हम इसे नहीं समझ सकते, निश्चय ही नहीं, हम नहीं समझ सकते। क्यों, कैसे वह छोटा बच्चा किसी भी सोच से परे है, वैसे ही हम भी किसी भी समझ से परे हैं कि वहाँ क्या होगा, देखो, क्योंकि हम धरती के गर्भ में हैं, किसी समय जन्म लेने के लिए तैयार हैं, एक नए राज्य में, एक नए संसार में।

59 और इसी तरह से मैं उन दर्शनों और इस तरह की चीजों के बारे में महसूस करता हूं, या उस दिन मेरे साथ जो कुछ भी घटित हुआ जब मैं वहां से उस पार गया, बस बाहर की ओर, और देखा कि यह क्या था, और उसके बाद यहाँ पर वापस आया।

60 क्या आप कल्पना कर सकते हैं कि एक बालक थे और—और एक—एक समझ थी कि क्या है, यहाँ घूमना कितना शानदार है, पेड़ों को खिलते हुए देखना, चिड़ियाओ को गाते हुए, सूरज चमक रहा है, और इस तरह का जीवन, और उसके बाद एक गर्भ में सिमित रहना होगा? क्यों, आप बिल्कुल भी वापस नहीं जाना चाहेंगे।

61 तो ठीक है, तब, हम, हमारी—हमारी सोच सुन्न हो जाएगी, ऊपर की ओर, या सोचने की कोशिश करें कि वहां पर क्या है। जब, वचन कहता है, "आंख ने नहीं देखा, कानों ने नहीं सुना, या तो कभी मनुष्य के चित्त में यह बात नहीं पड़ी, जो परमेश्वर के पास उनके लिए रखी है, जो उससे प्रेम करते हैं।" देखा? इसलिए हम जानते हैं कि यह दूसरी ओर महिमामय है। किसी दिन, मृत्यु, जिसे हम मृत्यु कहते हैं, हमें नया जन्म देगी, और हम दूसरे संसार में आ जाएंगे, वहां दूसरी ओर।

62 भाई जॉर्ज, आप बूढ़े नहीं होंगे, वहां पर अपंग नही होंगे। और भाई और बहन स्पेंसर, और कुछ जैसे हम में से कुछ बुजर्ग, और आदि–आदि है, और हम वहां पर हमेशा के लिए युवा रहेंगे।

> यह पुराना... इस मांस के वस्त्र को मैं गिराऊंगा, और
> उठूंगा
> और सनातन के इनाम को हासिल कर लुंगा,
> और चिल्लाऊंगा, जब हवा में से होकर गुजरुंगा,
> "विदाई, विदाई, प्रार्थना की मधुर घड़ी!"

63 तब यह सब समाप्त हो जाता है। अब और अधिक लम्बी रातों की प्रार्थना नहीं, अब और नहीं। बस उस युवा, आनंदमय युग में प्रवेश करेंगे, वहां होने के लिए, ना ही केवल एक वर्ष के लिए, या पचास वर्ष, या दस लाख वर्षों के लिए, लेकिन हम वहां एक सौ अरब वर्ष रहते हुए, हमने यहां तक आरंभ भी नहीं किया होगा। ऐसा ही है। तो आज सुबह हमें भला क्यों खुश नहीं होना चाहिए? हमें भला क्यों आनंद नहीं करना चाहिए? हमें क्यों नहीं हर एक महान चीज का लाभ उठाना चाहिए जो परमेश्वर ने हमें दी है?

64 यहां दिव्य चंगाई है। यीशु ने क्यों कोड़े खाए; ताकि तस्वीर को फाड़ डाले, कहते हैं, "इसमें ऐसी कोई बात नहीं है"? उसने उसके शरीर को वहीं कोड़े आदि की मार लगाई, पसलियों ने दिखाया, कि, "उसके कोड़े खाने से हम चंगे हो गए।" आइए आज सुबह तस्वीर को ना फाड़े। आइए इसे अंगीकार करें, इसे स्वीकार करें।

65 अब, भाई, और आप में से हर एक जन जिसके लिए प्रार्थना की जानी है, क्या आप बस वेदी के चारों ओर खड़े होंगे। जबकि कुछ क्षण पहले संदेश आगे चला गया है, अनुवाद और अन्य जुबान के जरिये से, कि हम

बीमारों पर हाथ रखें और परमेश्वर के सामर्थ के कामों को देखें।

66 अब, हमारे भाई, आपको खड़े होने की आवश्यकता नहीं है, भाई, वहां चारपाई पर लेटे हुए है। हम आपके पास आएंगे।

67 लेकिन यदि यहां कोई और है जिसके लिए प्रार्थना की जानी है, जो वेदी के चारों ओर खड़े होना चाहते हैं, जबकि भाई और मैं प्रार्थना करते हैं और बीमारों पर हाथ रखते हैं, आप ठीक अभी आगे आ जाये। और याद रखें, उस तस्वीर को गले लगाये, "उसके कोड़े खाने से हम चंगे हुए थे।"

68 "मैं इसे नहीं समझता, प्रभु।" निश्चय ही, आप नहीं समझते। आप अब भी धरती के गर्भ में है।

69 लेकिन उसने उन तैयारियों को किया। और वह नहीं लेगा... उसे क्यों कोड़े लगाये थे? क्या तस्वीर को फाड़ने के लिए, या गीत को फाड़कर, इसे फेंक दे? नहीं, श्रीमान। उसे कोड़े लगाये गये थे, घायल किया और लहूलुहान हुआ था, जिससे कि हम चंगे हो सके। और उसके द्वारा, हम, "उसके कोड़े खाने से, हम चंगे हुए हैं," हम में से हर एक जन। अब, जैसा कि आप आ रहे हैं, वेदी के चारों ओर प्रार्थना के लिए एकत्र हो रहे हैं।

70 अब, यहां बहुत कुछ प्रभावशाली अमेरिकी सुसमाचार प्रचारक है, और इस बारे में बात करते हैं, "आपको *यह* करना है, *वह* करना है।"

71 वहां एक बात है, मैं आपके साथ इसके विषय में ईमानदार होना चाहता हूं, मेरे मित्र। वो चीज, जिस तरह से परमेश्वर चंगा करता है, उसकी सेवा के आधार पर है। देखा? यह उसकी सेवा के आधार पर है। हमें अपनी चंगाई को अवश्य ही इस आधार पर स्वीकार करना है, कि हम चंगे होने के बाद उसकी सेवा करेंगे। अब, बाईबल ने कहा, "अपनी गलतियों को एक दूसरे के सामने मान लो। एक दूसरे के लिए प्रार्थना करो, जिससे कि आप चंगे हो जाएं।" देखा? यह इस आधार पर है, आप परमेश्वर की सेवा करेंगे। आप में से बहुत से, हो सकता है, मरने की स्थिति में हैं, और आपको—आपको मरना ही है यदि कुछ बात जगह नहीं लेती है। तब मैं चाहता हूं, आप अपने हृदय में...

72 अब, हम आपका तेल से अभिषेक कर सकते हैं, हम आपके लिए प्रार्थना कर सकते हैं, पास्टर और मैं, विश्वास की प्रार्थना करे, जो कुछ भी हम कर सकते हैं, लेकिन यह तब तक भला नहीं करेगा जब तक आप

स्वयं मसीह के साथ संगति में प्रवेश नहीं करते हैं। देखा? आपको उस संगति में आना है, कि, "मैं, प्रभु... "

73 मैं देखता हूं कि एक—एक—एक युवा महिला अभी वहां पर चल रही है। ज्यादा समय नहीं हुआ, वह घर पर आई थी, किसी चीज के साथ, जैसे कि ट्यूमर, या हॉजकिन की बीमारी। और वह विश्वास के द्वारा मैथोडिस्ट है। मैं विश्वास करता हूं कि यह सही है, क्या ऐसा नहीं है, बहन? और उसके बगल में एक बड़ी गांठ थी। और अब वह वहां खड़ी है, चंगी होकर।

74 मैं यहां सिस्टर वीवर को खड़ा देख रहा हूं, यह मेरे जीवन में अब तक देखे गए सबसे खराब कैंसर मामलों में से एक था। और पहली बात मैंने उससे पूछी, क्या वह यीशु मसीह के नाम में बपतिस्मा लेगी और अपने पापों को अंगीकार करेगी। जब मैंने उसे यहाँ इस पानी में लिया, तो मुझे उसे पकड़ना था; वह बहुत ही पतली थी, उसके हाथ, बस छोटी सी दुबली-पलती अवस्था। और उसने यीशु मसीह के नाम में बपतिस्मा लिया था। और यह कम से कम दस वर्ष पहले की बात है, क्या ऐसा नहीं है, बहन? [बहन वीवर कहती है, "नहीं। यह सोलह वर्ष पहले की बात है।"—सम्पा।] सोलह वर्ष पहले। सोलह वर्ष का अतिरिक्त जीवन, क्योंकि वह आज्ञा में आना चाहती थी। जब यहां आस-पास के बहुत ही अच्छे डॉक्टर...

75 क्यों, उसके अपने डॉक्टर ने मुझे बताया। जब, मैंने उसे बताया—उसे बताया, कहा, "वह चंगी हो गई है।"

76 कहा, "ओह, ओह! वह कुछ ही हफ्तों में कैंसर से मर जाएगी। इसके विषय में चिंता मत करो। वह चली जाएगी। और कुछ ही सप्ताह में, वह चली जाएगी।" और उसने उसे जीने के लिए बस एक दिन ही दिया। और आज वह यहां पर है, सोलह वर्षो के बाद, वेदी पर खड़ी हुई है। मैं और क्या कह सकता हूं, बार-बार, और बार-बार और बार-बार!

77 अब, परमेश्वर अपने बच्चों में से एक के लिए ऐसा नहीं करता है, और ऐसा दूसरे बच्चों के लिए नहीं करता है। वह इसे अपने सारे बच्चों के लिए करता है। "जो कोई भी आ सकता है।" यह... आप उसके पास आमंत्रित किये गये है। अब, "विश्वास की प्रार्थना बीमारों को बचा लेगी।" बाईबल ने यही कहा।

78 अब—अब, यदि... मैं चाहता हूँ कि आप परमेश्वर के सामने अपनी गलतियों को अंगीकार करें, और कहें, "प्रभु, मुझे चंगा कर दे।" यदि आप

कभी भी परिवर्तित नहीं हुए हैं, तो अपने हृदय मसीह को दे दें। और यदि आपने कभी भी यीशु मसीह के नाम में पानी में बपतिस्मा नहीं लिया है, तो वहां एक तालाब तैयार है। देखा?

79 और यह छोटी महिला यहां सड़क के उस पार; जब वह अविश्वासी उसके द्वारा परिवर्तित हुआ था। जब वह पड़ी हुई थी... उन्होंने उसे सिल्वरक्रेस्ट से घर भेज दिया, वो टीबी से मर रही थी। और जब मैं वहां पर गया, और प्रभु ने एक दर्शन दिया, कहा, "वह चंगी होने जा रही है।"

80 और वह मुझसे वहां अगली सुबह मिले, श्रीमान एंड्र्यूज, और बस मुझ पर चिल्लाया। कहा, "इस प्रकार की एक झूठी आशा, उस स्त्री पर!"

81 मैंने कहा, "श्रीमान। अन्द्रियास, यह एक झूठी आशा नहीं है। वो महिला एक मसीही है। और जब वो चलने के योग्य हो जाती है, तो वह बपतिस्मा लेने के लिए आ जायेगी।"

82 और उसने कहा, "वह मर रही है।" कहा, "मैं... उसे सिल्वरक्रेस्ट से घर कैसे भेजा जा सकता है? "

83 मैंने कहा, "श्रीमान, आप देख रहे हैं, आप... आप जो देख रहे हैं, आप उस बात की ओर देख रहे हैं कि डॉक्टर क्या कहता है। मैं उस बात की ओर देख रहा हूं कि परमेश्वर ने क्या कहा है।" समझे?

84 अब, बस यही वो अंतर है, आप जिस बात की ओर देख रहे हैं। देखा? आप उस बात को देखते हैं कि डॉक्टर क्या कहता है, आपको निश्चय है मर जायेगी। लेकिन आपको देखना होगा कि परमेश्वर ने क्या कहा। आप किसके शब्दों को लेने जा रहे हैं?

85 क्या होता यदि अब्राहम डॉक्टर की राय को लेता उसकी उम्र सौ वर्ष की होने पर, और उसकी पत्नी से एक बालक होने जा रहा है, जिसकी नब्बे वर्ष की उम्र है? तब उसने क्या किया होता? समझे? क्यों, डॉक्टर ने कहा होता, "वह मनुष्य पागल है।" लेकिन परमेश्वर ने उसके निमित धामिर्कता को गिना, क्योंकि उसने परमेश्वर पर विश्वास किया था। देखा? अब, आप...

86 और स्त्री जीवित रही। उसने यीशु मसीह के नाम के बपतिस्मा को नकार किया, क्योंकि मैं सोचता हूं कि वह एक प्रकार की मेथोडिस्ट या प्रेस्बिटेरियन थी। वह बीमार और बीमार होने लगी। और उसने आकर और

ग्रेस वेबर को मिली, जो ठीक वहां रहती थी, या, अभी भी वहां रहती है, उसकी बेटी रहती है, वस्त्र को लिया, और यहाँ आकर, और यीशु मसीह के नाम में बपतिस्मा लिया, बुखार के साथ, उसके पूरे कंधे पर गांठ के रोग हो गए थे और इत्यादि, एक सौ चार बुखार के साथ थी। और ठीक यहाँ पर बपतिस्मा लिया था, यीशु मसीह के नाम में। और वह यहां से ठीक सड़क के उस पार ही रहती है। हो सकता है अब यहां बैठी हुई हो। कुछ मिनट पहले मैंने यह देखने के लिए इधर–उधर देखा कि क्या मैं उसे देख सकता हूँ। समझे? आज्ञाकारी, आप देखिये।

87 यह बस यहाँ–वहां नहीं जा रहा है... मैं अपने कुछ भाइयों से भिन्न हूं, बस *इस* पर, *उस* पर, और *दूसरे* पर हाथ को रखते हुए, इस तरह से, और कहते हुए किसी तरह का शानदार विश्वास इसे करेगा। ऐसा नहीं है। आपके पास वास्तविक, ठोस, बाईबल, पवित्र आत्मा का विश्वास होना है। समझे? यह नहीं रहता है, यह नहीं रहेगा। यह स्थायी नहीं है।

88 यही कारण है कि मैं प्रभु को धन्यवाद दे सकता हूं कि उसने अब तक मेरी सहायता की है। जिन—जिन—जिन चंगाईयां ने जगह ली है, वे प्रामाणिक या सच्ची है, क्योंकि वे सचमुच में **यहोवा यों कहता है** के आधार पर बनी हुई हैं। देखा? इसलिए वे बनी रहेगी।

89 अब—अब, जैसे कि वो छोटा सा संडे स्कूल, मैं बस एक मिनट के लिए रुका हुआ था, आपसे बात कर रहा था, जब तक कि वे अपने स्थान को ठीक से नहीं ले लेते, जिससे कि हम अब शांत रह सके। हमारे पास बस कुछ ही मिनट है, हम प्रार्थना करेंगे, प्रार्थना करना आरंभ करेंगे।

90 अब, मैं चाहता हूं कि आप में से हर एक जन परमेश्वर के सामने अपनी गलतियों को अंगीकार करे, और परमेश्वर से प्रतिज्ञा करें कि आप उसकी सेवा करेंगे और वह सब कुछ करेंगे जो आप कर सकते हैं। और पास्टर और मैं प्रार्थना करने जा रहे हैं, और आकर आप पर हाथ रखेंगे, और आप निश्चिय ही चंगे हो जाएंगे यदि आप इसका विश्वास करते हैं।

91 कैसे वे लोग बैसाखी पर थे, और बहरे, और गूंगे, और अंधे हो सकते थे, पिछले रविवार दोपहर को, बस मंच पर चलकर गए, अपनी बैसाखी को फेंक दिया; मंच पर चले जाते, आंखें खुल जाती, आप जानते हैं, इस तरह से? उनमें से सैकड़ों गुना सैकड़ों लोग! इतना तक कि, मैं बहुत ही कमजोर हो गया था, उन्होंने मुझे लगभग उस स्थान से घेर दिया था, बस खड़ा

हुआ था, वे वहां से गुजर रहे थे। देखा? एक पंक्ति जो यहां से जेफरसनविले हाई स्कूल तक जाती, लगभग पंक्तिबद्ध होकर, पंक्ति में से होते हुए आ रहे थे। और मैं नहीं जानता कि क्या उनमें से एक भी है, जो वहां से होकर गया है, जो कि चंगाई को पा चुके है। देखा? क्योंकि वे वास्तविक, सच्चे मसीही विश्वास और भरोसे के आधार पर आये। वे... इसे होना ही है।

अब अपने सिरों को झुकाये, हर एक जन, उनके लिए प्रार्थना करने में मेरी सहायता करें।

92 प्रभु यीशु, हम आज सुबह आपके पास लाते हैं, यह श्रोतागण यहां पर खड़े हुए हैं, रुके हुए है, रोग से, बीमार, पीड़ित बच्चे। वे किसी भी आशा से परे हैं, उनमें से बहुत से, प्रभु, डॉक्टरों के इलाज से, विशेष रूप से यह व्यक्ति जो यहां इस खाट पर पड़ा हुआ है। यह या तो आपका अनुग्रह है या तो वह कुछ ही दिनों में संसार से बाहर आ जाता है। और कोई संदेह नहीं, हो सकता है कुछ लोग यहां वेदी के पास खड़े हो, दिल के दौरे के साथ उनकी प्रतीक्षा कर रहे थे, और बीमारियाँ, और पीड़ायें जो उन्हें तोडकर रख देंगे।

93 केवल एक ही चीज है, पिता, जो उन्हें बचा सकता है, वह है, इस शरीर की पांच इंद्रियों से उस ओर जाना, जहां डॉक्टरों ने ईमानदारी से कोशिश की, कोई संदेह नहीं, कि उनके जीवन को बचाये; रोग, कैंसर, टीबी, ह्रदय रोग से। और सारे मलम–पट्टी के साथ, और ट्यूब, और सामग्री, और—और—और रोगाणु से लड़ने वाली दवा, शत्रु की भीड़ ठीक वहां पर आती है, ताकि उनके जीवन को ले ले।

94 और मैंने व्यक्त किया है, प्रभु, मैं विश्वास करता हूं, आपके विचार को, उन पर। और मैंने आज सुबह उस मनुष्य को अन्य जुबान में बोलते हुए सुना है, और उस अनुवाद को दिया गया है, आज क्या होगा। उनमें से कुछ इसे ग्रहण करने जा रहे हैं, प्रभु, निश्चय ही। यह सही है। मैं इसे विश्वास करता हूं।

95 और अब, जैसा कि बाईबल में लिखा है, कि दाऊद, वह छोटा चरवाहा लड़का, अपने पिता की भेड़ों की रखवाली कर रहा था, बाहर रेगिस्तान के पीछे। और एक दिन एक सिंह अंदर आ गया और अपने पिता के मेमनो में से एक को लिया, और उसे लेकर भाग गया। और वह छोटा चरवाहा लड़का, विश्वास के साथ, इस सिंह का सामना करने के लिए जाता है

उसके पास क्या था? ना ही आधुनिक राइफल या बंदूक। लेकिन उसके पास एक छोटी सी गोफन थी, और वह उस सिंह के पीछे–पीछे चला गया। उसने उस सिंह को मार डाला, और उस भेड़ को वापस ले आया। एक भालू अंदर आया और एक को लिया; वह उस भालू के पीछे चला गया जो उसे जमीन पर कुचल सकता था। लेकिन उसने भालू के आकार के बारे में नहीं सोचा, या सिंह की शक्ति, या उसकी फुर्ती, या गोफन के साथ उसकी अयोग्यता।

96 लेकिन जब वह राजा शाऊल के सामने खड़ा था, उसने कहा, "तेरे दास ने अपने पिता की भेड़ को चराया, और एक सिंह ने आकर और एक को लिया, और भाग गया। और मैं उसके पीछे–पीछे गया और भेड़ को वापस लेकर आया।" उसने कहा, "वही परमेश्वर जिसने मुझे हाथ से छुड़ाया, या उस भालू के पंजे से, या उस सिंह के जबड़े से, और इस खतनारहित पलिश्ती को लेकर और मेरे हाथ में कर सकता है।"

97 हम जानते हैं किस तरह से कहानी आगे बढ़ती है, कि उसने घात किया; एक मनुष्य को मार डाला जो उससे बहुत गुना बड़ा था, और एक योद्धा था। कैसे इसने शाऊल को चकरा दिया, वो बड़ा राजा, महान, पराक्रमी मनुष्य, किस तरह से वह छोटा सा लड़का गोफन में इतना विश्वास कर सकता है। नहीं, एक गोफन में नहीं, लेकिन परमेश्वर में।

98 अब, प्रभु, लोग इस वेदी के चारों ओर खड़े है, यहाँ इस खाट पर पड़े हुए है, परमेश्वर की भेड़ है, छोटे मेमने, जैसे ये उसके लिए थे। उन्हें एक सिंह के द्वारा पकड़ा गया जिसे कैंसर कहा जाता है, एक भालू जिसे टीबी कहा जाता है, अन्य बीमारियाँ जो उन्हें पकड़ लेती है, और उन्हें झटका देती है, और उनके टुकड़े–टुकड़े कर देती है। प्रभु, मैं—मैं उनके पीछे आ रहा हूं, एक छोटी सी गोफन के साथ जिसे विश्वास की प्रार्थना कहा जाता है। यह बहुत ज़्यादा तो नहीं है, लेकिन मैं जानता हूँ कि इसने क्या किया है। और मैं जानता हूं कि यह अब भी वही परमेश्वर है। मैं आज सुबह उनके पीछे–पीछे आ रहा हूं, ताकि उन्हें वापस लाऊं, प्रभु, अच्छे स्वास्थ्य के छायादार हरे–हरे चरागाहों में, वहां पर शांति के स्थिर जल के द्वारा, और उनकी घबराहटों से दूर, ताकि आप पर विश्वास करें।

99 और मैं उनके पीछे–पीछे जाता हूं, उन हथियारों के साथ जो आपने अंदर जाने के लिए दिए थे। "विश्वास की प्रार्थना बीमारों को बचा लेगी,

और परमेश्वर उन्हें उठा कर खड़ा करेगा। यदि उन्होंने कोई पाप किया है, तो उन्हें क्षमा किया जाएगा।"

100 और, पिता, अब हम शत्रु का सामना करने जा रहे हैं, सिंह का सामना करने, उस—उस शैतान का सामना करने हर उस रूप में जिसमें वह है, जिसे कैंसर कहा जाता है, टीबी, हॉजकिन की बीमारी, हृदय की बीमारी, कोई भी अन्य बीमारी। हम उसका पता लगाने आये हैं, और इस मेमने को फिर से परमेश्वर के भवन में वापस ला रहे हैं। यीशु मसीह के नाम में हम जाते हैं, ताकि इस गोफन का उपयोग करे जो आपने हमें दिया है। हमारे साथ होना, पिता, जैसा कि हम आदरपूर्वक अब आपके पास आते हैं, यीशु के नाम में।

101 मैं चाहता हूं कि आप अपने सिरों को झुकाए रखें। और हम तेल से अभिषेक करने के लिए आ रहे हैं, और बीमारों पर हाथ रखेंगे, और विश्वास की प्रार्थना बीमारों को बचा लेगी। यहां पर हर एक मसीही, अपने विश्वास को इस प्रार्थना पंक्ति पर रखें।

[प्रार्थना की पंक्ति साढे तीन मिनट तक चलती है, भाई ब्रन्हम के बहुत से शब्द स्पष्ट नही है—सम्पा।]

यीशु मसीह के नाम में!

यीशु मसीह के नाम में!

यीशु का नाम!

यीशु मसीह का नाम!

यीशु का नाम!

पिता, मैं शैतान को डांटता हूं!... ? ...

यीशु मसीह के नाम में!

यीशु मसीह के नाम में!... ? ...

यीशु मसीह के नाम में!

आकर और इसे विश्वास करें... ? ... और ऐसा हो जाएगा!... ? ...

प्रभु, तू... ? ...

परमेश्वर... ? ...

102 प्रभु, आप... आपने अवसर को लिखा है। आप निकट कुटम्बी है, मसीह!... ? ... यीशु मसीह के नाम में!

103 "विश्वास की प्रार्थना बीमारों को बचा लेगी।" मैं चाहता हूं कि आप इसे उसके लिए करें। उसे वापस एक स्वस्थ स्त्री बनाये!... ? ...

यीशु मसीह का नाम, उसे वापस लेकर आये!

यीशु मसीह के नाम में, उसे वापस लेकर आये!... ? ...

यीशु मसीह के नाम में, मेरी बहन को वापस ला रहा है।

यीशु मसीह के नाम में, मेरे भाई को वापस ला रहा है!... ? ...

यीशु मसीह के नाम में!... ? ...

यीशु मसीह के नाम में!... ? ...

यीशु मसीह के नाम में!... ? ...

आपने कभी भी नहीं किया। प्रभु आपको आशीष दे!

मैं इसके बाद, आज सुबह आता हूं!... ? ...

104 यीशु मसीह के नाम में, मैं आपको वापस लाता हूं, विश्वास की प्रार्थना के द्वारा, बंधन से मुक्त!... ? ... हम अपने विश्वास को इन पर जोड़ते हैं... ? ...

केवल विश्वास करें;

अब अपने झुके हुए सिरों के साथ। अब:

केवल विश्वास करें, केवल विश्वास करें,
... चीजें संभव है, केवल विश्वास करें।

हे प्रभु, मैं विश्वास करता हूं, हे प्रभु, मैं विश्वास करता हूं,
सारी बातें संभव है...

आइए अब हम अपने हाथों को ऊपर उठाये।

... प्रभु, मैं विश्वास करता हूं;
हे प्रभु, मैं विश्वास करता हूं; प्रभु, मैं विश्वास करता हूं,
सारी चीजें संभव है, प्रभु, मैं विश्वास करता हूं।

105 हमारे स्वर्गीय पिता, वे जो उठ सकते है, उन्होंने अपने हाथों को उठाया, कि उन्होंने इसे अंगीकार किया था। यह भाई जो खाट पर पड़ा हुआ था, उठ खड़ा हुआ, यह दिखाने के लिए कि उसने अपनी चंगाई को स्वीकार कर लिया है। हमें विश्वास है, प्रभु, वे अब शांतिपूर्वक छायादार हरे चरागाहों की ओर, शांत जल के किनारे वापस जा रहे हैं, यीशु के नाम में से होते हुए फिर से चंगे हो जाए। हम आपको इसके लिए धन्यवाद देते हैं। आमीन।

106 तो ठीक है, भाई नेविल, मैं यहां पर बैठकर और अब आपको प्रचार करते हुए सुनूंगा।

107 [इससे पहले उपदेश में भाई ब्रंहम ने भाई थॉमस आर. निकेल के द्वारा लिखे गए "जरा सा जोर डालना" का उल्लेख दिया था, फुल गोस्पल मेन्स वॉयस के संपादक, लेख के पहले पन्ने पर डाला है, जो यह कहता है: "**मुख्य पृष्ठ पर दी गई तस्वीर के बारे में:** बाईबल के दिनों में, परमेश्वर के ऐसे पुरुष थे जो भविष्यद्वक्ता और संत लोग थे।। लेकिन सारे पवित्र अभिलेखों या रिकॉर्ड में, इनमें से किसी के पास भी विलियम ब्रन्हम की सेवकाई से बड़ी सेवकाई नहीं थी, एक भविष्यव्यक्ता और परमेश्वर का नबी, जिसका चित्र फुल गोस्पल मेन्स वॉयस के इस अंक के मुख पृष्ठ पर दिखाई देता है। ब्रन्हम को परमेश्वर ने, यीशु के नाम में, मुर्दों को जीवित करने के लिए उपयोग किया है!"—सम्पा।]

61-0305 समय के पर्दे के उस पार
ब्रंहम टेबरनेकल
जेफ्फ़रसनविल, इंडिआना यू.एस.ए

HINDI

©2024 VGR, ALL RIGHTS RESERVED

VOICE OF GOD RECORDINGS, INDIA OFFICE
19 (NEW NO: 28) SHENOY ROAD, NUNGAMBAKKAM
CHENNAI 600 034, INDIA
044 28274560 • 044 28251791
india@vgroffice.org

VOICE OF GOD RECORDINGS
P.O. BOX 950, JEFFERSONVILLE, INDIANA 47131 U.S.A.
www.branham.org

सर्वाधिकार सूचना

सर्वाधिकार सुरक्षित। इस पुस्तक को व्यक्तिगत उपयोग के लिए घर के प्रिंटर पर छापा जा सकता है या यीशु मसीह के सुसमाचार को फैलाने के लिए एक साधन के रूप में निःशुल्क दिया जा सकता है। वॉयस ऑफ गॉड रिकॉर्डिंग्स® की स्पष्ट लिखित अनुमति के बिना इस पुस्तक को बेचा नहीं जा सकता, बड़े पैमाने पर प्रतिलिपि तैयार नहीं किया जा सकता, वेबसाइट पर पोस्ट नहीं किया जा सकता, पुनर्प्राप्ति प्रणाली में संग्रहीत नहीं किया जा सकता, अन्य भाषाओं में अनुवाद नहीं किया जा सकता, या धन मांगने के लिए उपयोग नहीं किया जा सकता।

अधिक जानकारी या अन्य उपलब्ध सामग्री के लिए कृपया संपर्क करें:

Voice Of God Recordings, India Office
19 (New No: 28) Shenoy Road, Nungambakkam
Chennai 600 034, India
044 28274560 • 044 28251791
india@vgroffice.org

Voice Of God Recordings
P.O. Box 950, Jeffersonville, Indiana 47131 U.S.A.
www.branham.org